an>

Title: Need to provide clean drinking water in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में जल स्रोत काफी है। झील, झरने एवं नदियाँ बहुत हैं परंतु पेयजल समुचित मात्रा में उपलब्ध नहीं है। अधिकतर गांवों में जल में काफी प्रदूषण है और साफ पानी लोगों को नहीं मिल पाता है। दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर सड़क, पानी एवं बिजली पर विशेष ज़ोर देकर लोगों को सुविधाएं दी जा रही है। मेरा संसदीय क्षेत्र आदिवासी बहुल्य क्षेत्र है जहां पर पेयजल उपलब्ध कराने के आवश्यक एवं समुचित साधन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आदिवासी एवं मूलवासियों को समुचित पेयजल नहीं मिल पा रहा है। झारखंड सरकार को इस संबंध में फंडिंग की जरूरत हो, तो केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाये।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में पेयजल को वर्तमान आबादी के हिसाब से उपलब्ध करवाने वाले कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाये।